**प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा 2020-21**

कक्षा-बारहवीं

विषय-हिंदी (आधार)

विषय कोड-302

निर्धारित समय: 3 घंटा | अधिकतम अंक-80

सामान्य निर्देश:निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए:

- इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं: अ और ब । खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।
- खंड 'अ' में कुल 6 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
- खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
- प्रश्नों के विविध खंडों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखें ।
- सुलेख और स्वच्छता का ध्यान रखें ।

**खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न** **(40)**

| अपठित बोध | | (15) |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | निम्नलिखित में से किसी *एक* गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए- | 10 X1=10 |

दुनिया शायद अभी तक के सबसे बड़े संकट से जूझ रही है । मौजूदा दौर की महामारी ने हर किसी के जीवन में हलचल मचा दी है । इस पर महामारी ने जीवन की संहिता को पूरी तरह बाधित कर दिया है । भारत में इतनी अधिक आबादी है कि इसमें किसी नियम कायदे को पूरी तरह से अमल में लाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है । इसमें महामारी के संक्रमण को रोकने के मकसद से पूर्णबंदी लागू की गई और इसे कमोबेश कामयाबी के साथ अमल में भी लाया गया । लेकिन यह सच है कि जिस महामारी से हम जूझ रहे हैं, उससे लड़ने में मुख्य रूप से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की ही बड़ी भूमिका है। लेकिन असली चिंता बच्चों और बुजुर्गों की हो आती है ।

इस मामले में ज्यादातर नागरिकों ने जागरूकता और सहज बोध की वजह से ज़रूरी सावधानी बरती है । लेकिन इसके समानांतर दूसरी कई समस्याएं खड़ी हुई हैं, मसलन आर्थिक गतिविधियां जिस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, उसने बहुत सारे लोगों के सामने संकट और उहापोह की स्थिति पैदा कर दी है । एक तरफ नौकरी और उसकी तनख्वाह पर निर्भर लोगों की लाचारी यह है कि उनके सामने यह आश्वासन था कि नौकरी से नहीं निकाला जाएगा, वेतन नहीं रोका जाएगा, वहीं उनके साथ हुआ उल्टा । नौकरी गई, कई जगहों पर तनख्वाह नहीं मिली या कटौती की गई और किराए के घर तक छोड़ने की नौबत आ गई । इस को महामारी का दूसरा असर शिक्षा-जगत पर पड़ा है,उसका तार्किक समाधान कैसे होगा, यह लोगों के लिए समझना मुश्किल हो रहा है ।खासतौर पर स्कूली शिक्षा पूरी तरह से बाधित होती दिख रही है।यों इसमें गए वैकल्पिक इंतज़ामों की वजह से स्कूल भले बंद हों,लेकिन शिक्षा को



KV NER BAREILLY

| |
|---|
| जारी रखने की कोशिश की गई है ।स्कूल बंद होने पर बहुत सारे शिक्षकों को वेतन की चिंता प्राथमिक नहीं थी, बच्चों के भविष्य की चिंता उन्हें सता रही है । हालांकि एक खादी तादाद उन बच्चों की है, जो लैपटॉप या स्मार्ट फ़ोन के साथ जीते हैं, लेकिन दूसरी ओर बहुत सारे शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्हें कंप्यूटर चलाना नहीं आता । उन सबके सामने चुनौती है ऑनलाइन कक्षाएं लेने की । सब ने हार नहीं मानी और तकनीक के खुले तकनीक को खुले दिल से सीखा। इस तरह फिलहाल जो सीमा है, उसमें पढ़ाई लिखाई को जारी रखने की पूरी कोशिश की जा रही है । (जनसत्ता से साभार) |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) | उपरोक्त गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?<br>1.बेरोजगारी<br>2.शिक्षा की समस्या<br>3.आर्थिक संकट<br>4.महामारी का प्रभाव |
| (ii) | पूर्ण बंदी लागू क्यों की गई ?<br>1.संक्रमण को रोकने के लिए<br>2.लोगों की आवाजाही रोकने के लिए<br>3.नियम कानून लागू करने के लिए<br>4.लोगों द्वारा नियम नहीं मानने के कारण |
| (iii) | हमें बच्चों और बुजुर्गों की चिंता क्यों है ?<br>1.कमजोर और अक्षम होने के कारण<br>2.प्रतिरोधक क्षमता के अभाव के कारण<br>3.अधिक बीमार रहने के कारण<br>4.बीमारी का अधिक प्रभाव पड़ने के कारण |
| (iv) | स्कूली शिक्षा को जारी रखने की कोशिश क्यों की जा रही है ?<br>1.प्राइवेट स्कूल के दबाव के कारण<br>2.शिक्षा जारी रखने के लिए<br>3.बच्चों की चिंता के कारण<br>4.शिक्षकों के वेतन के लिए |
| (v) | ऑनलाइन शिक्षा एक चुनौती है -कैसे?<br>1.एक शिक्षक की अकुशलता के कारण<br>2.तकनीकी रूप से योग्य न होना<br>3.साधन नहीं होने के कारण<br>4.अभिभावकों की रुचि नहीं होना |
| (vi) | शिक्षकों ने तकनीक को खुले दिल से क्यों सीखा?<br>1.ऑनलाइन पढ़ाने की मजबूरी के कारण |

KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 2.अपनी सैलरी के कारण<br>3.बच्चों की चिंता के कारण<br>4.अभिभावकों के भय से |

| | |
|---|---|
| (vii) | महामारी के समय में भी शिक्षकों ने शिक्षक होने का बोध कराया है-कैसे?<br>1.बच्चों की शिक्षा की चिंता द्वारा<br>2.अपनी नौकरी की चिंता द्वारा<br>3.अपनी सैलरी की चिंता द्वारा<br>4.तकनीक सीखने की हिम्मत द्वारा |
| (viii) | जीवन की सहजता के बाधित होने से आप क्या समझते हैं ?<br>1.जीवन में कठिनाइयाँ उत्पन्न होना<br>2. जीवन में संकट उत्पन्न होना<br>3. जीवन में संघर्ष का बढ़ जाना<br>4. जीवन में आराम न होना |
| (ix) | भारत में नियम-कानून लागू करना चुनौती क्यों है?<br>1.अधिक लोग होने से<br>2.अनपढ़ होने से<br>3.नौकरी चले जाने से<br>4.तनख्वाह नहीं मिलने से |
| (x) | लोगों के जीवन में उहापोह की स्थिति कैसे आ गई ?<br>1.महामारी आ जाने से<br>2.आर्थिक गतिविधियां ठप हो जाने से<br>3.नौकरी चले जाने से<br>4.तनख्वाह नहीं मिलने से |

अथवा

गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

एकांत ढूँढने के कई सकारात्मक कारण हैं । एकांत की चाह किसी घायल मन की आह भर नहीं, जो जीवन के कांटों से बिंध कर घायल हो चुका है, एकांत सिर्फ़ उसके लिए शरण मात्र एकांत सिर्फ उसके लिए शरण मात्र नहीं । यह उस इंसान की ख्वाहिश भर नहीं, जिसे इस संसार में 'फेंक दिया गया हो' और वह फेंक दिए जाने की स्थिति से भयभीत होकर एकांत ढूंढ रहा हो । हम जो एकांत में होते हैं, वही वास्तव में होते हैं ।एकांत हमारी चेतना की अंतर्वस्तु को पूरी तरह उघाड़ कर रख देता है ।

अंग्रेज़ी का एक शब्द है-आइसोनोफीलिया । इसका अर्थ है-अकेलेपन, एकांत से गहरा प्रेम । पर इस शब्द को गौर से समझें, तो इसमें अलगाव की एक परछाई भी दिखती है । एकांत प्रेमी हमेशा ही अलगाव की अभेद्य दीवारों के पीछे छिप ना चाह रहा हो, यह ज़रूरी नहीं । एकांत की अपनी एक विशेष सुरभि है और जो भीड़ के अशिष्ट प्रपंच में फंस

KV NER BAREILLY

| |
|---|
| चुका हो, ऐसा मन कभी इसका सौंदर्य नहीं देख सकता । एकांत और अकेलेपन में थोड़ा फ़र्क समझना ज़रूरी है । एकांतवासी में कोई दोष या मनोमालिन्य नहीं होता ।वह किसी भी व्यक्ति या परिस्थिति के तंग आकर एकांत की शरण में नहीं जाता । न ही आततायी नियति के विषैले बाणों से घायल होकर वह एकांत की खोज करता है । अंग्रेज़ी कवि लॉर्ड बायरन ऐसे एकांत की बात करते हैं । वे कहते हैं कि ऐसा नहीं कि इंसान से कम प्रेम करते हैं, बस प्रकृति से ज़्यादा प्रेम करते हैं ।<br><br>बुद्ध अपने शिष्यों से कहते हैं कि वह जंगल में विचरण करते हुए गैंडे के सींग की तरह अकेले रहें । वे कहते हैं- 'प्रत्येक जीव जंतु के प्रति हिंसा का त्याग करते हुए किसी की भी हानि कामना न करते हुए, अकेले चलो-फिरो, वैसे ही जैसे किसी गैंडे के सींग । हक्सले 'एकांत के धर्म या रिलिजन ऑफ़ सॉलिट्यूड' की बात करते हैं । वे कहते हैं जो मन जितना ही अधिक शक्तिशाली और मौलिक होगा एकांत के धर्म की तरफ उसका उतना ही अधिक झुकाव होगा । धर्म के क्षेत्र में एकांत, अंधविश्वासों, मतों और धर्मांधता के शोर से दूर ले जाने वाला होता है । इसके अलावा एकांत धर्म और विज्ञान के क्षेत्र में अंतर्दृष्टियों को भी जन्म देता है । ज्यां पॉल सार्त्र इस बारे में बड़ी ही खूबसूरत बात कहते हैं । उनका कहना है-ईश्वर एक अनुपस्थिति है। ईश्वर है इंसान का एकांत ।<br><br>क्या एकांत लो लोग इसलिए पसंद करते हैं कि वह किसी को मित्र बनाने में असमर्थ हैं ? क्या वह सामाजिक होने की अपनी असमर्थता को छुपाने के लिए एकांत को महिमामंडित करते हैं ? वास्तव में एकांत एक दुधारी तलवार की तरह है । लोग क्या कहेंगे इसका डर भी हमें अक्सर एकांत में रहने से रोकता है । यह बड़ी अजीब बात है क्योंकि जब आप वास्तव में अपने साथ या अकेले होते हैं, तभी इस दुनिया और कुदरत के साथ अपने गहरे संबंध का एहसास होता है । इस संसार को और अधिक गहराई और अधिक समानुभूति के साथ प्रेम करके ही हम अपने दुखदाई अकेलेपन से बाहर हो सकते हैं । |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) | उपरोक्त गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?<br>1.अकेलेपन पर<br>2.एकांत पर<br>3.जीवन पर<br>4.अध्यात्म पर |
| (ii) | एकांत हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है?<br>1.परेशानी से भागने के लिए<br>2.आध्यात्मिक चिंतन के लिए<br>3.स्वयं को जानने के लिए<br>4.अशांत मन को शांत करने के लिए |
| (iii) | बायरन मनुष्य से अधिक प्रकृति से प्रेम क्यों करते थे ?<br>1.प्रकृति की सुंदरता के कारण<br>2.मनुष्य की घृणा के कारण<br>3.एकांत प्रेम के कारण |

KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 4.अकेलेपन के कारण |
| (iv) | दुखद अकेलेपन से कैसे बाहर आया जा सकता है ?<br>1.संसार से प्रेम करके<br>2.सच्चे दोस्त बनाकर<br>3.संसार की वास्तविकता को समझ कर<br>4.संसार से मुक्त होकर |
| (v) | एकांत की खुशबू को कैसे महसूस किया जा सकता है ?<br>1.संसार से अलग होकर<br>2.भीड़ में नहीं रहकर<br>3.एकांत से प्रेम करके<br>4.अकेले रहकर |
| (vi) | गैंडे के सींग की क्या विशेषता होती है ?<br>1.वह किसी को हानि नहीं पहुँचाता<br>2.वह सींग नहीं, वरन सींग का अपररूप होता है<br>3.गैंडे अकेले रहते हैं इसलिए सींग भी अकेला रहता है<br>4.अपनी दुनिया में मस्त रहता है |

| | |
|---|---|
| (vii) | धर्म के क्षेत्र में एकांत का क्या योगदान है?<br>1.समर्पण की भावना<br>2.पूजा और साधना<br>3.धर्मांधता से मुक्ति<br>4.धर्म के वास्तविक स्वरूप की पहचान |
| (viii) | नई अंतर्दृष्टि से आप क्या समझते हैं ?<br>1.नई खोज<br>2.नया अनुसंधान<br>3.नई संकल्पना<br>4.नया सिद्धांत |
| (ix) | ईश्वर एक अनुपस्थिति है-कैसे?<br>1.ईश्वर कभी दिखाई नहीं देते<br>2.ईश्वर कभी उपस्थित नहीं होते१<br>3.एकांत में ही ईश्वर महसूस होते हैं<br>4.ईश्वर होते ही नहीं है |
| (x) | एकांत में रहने का अर्थ क्या है ?<br>1.दोस्त नहीं बना सकना |

KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 2.संसार को जानने का अवसर मिलना<br>3.अपने प्रिय लोगों को जानने का अवसर मिलना<br>4.संसार और प्रकृति की सुंदरता को देखना |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न2. | निम्नलिखित में से किसी *एक* पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए- | 5 X1=5 |

दूर-दूर से आते हैं घन
लिपट शैल छा जाते हैं
मानव की ध्वनि सुनकर पल में
गली-गली में मंडराते हैं
जग में मधुर पुरातन परिचय
श्याम घरों में घुस जाते हैं
है ऐसी ही कथा मनोहर
उन्हें देख गिरिवर गाते हैं
ममता का यह भीगा अंचल
हम जग में फिर कब पाते हैं
अश्रु छोड़ मानस को समझा
इसीलिए बिरही गाते हैं
सुख-दुख के मधु-कटु अनुभव को
उठो हृदय,फुहियों से धो लो
तुम्हें बुलाने आया सावन
चलो-चलो अब बंधन खोलो
पवन चला, पथ में हैं नदियां
उछल साथ में तुम भी हो लो
प्रेम-पर्व में जगा पपीहा
तुम कल्याणी वाणी बोलो
आज दिवस कलरव बन आया
केलि बनी यह खड़ी निशा है
हेर हेर अनुपम बूंदों को
जगी झड़ी में दिशा दिशा है
बूँद-बूँद बन उतर रही है
यह मेरी कल्पना मनोहर
घटा नहीं प्रेमी-मानस में
प्रेम बस रहा उमड़-घुमड़ कर
भांति-भांति यह नहीं दामिनी
याद हुईं बातें अवसर पर



KV NER BAREILLY

| |
|---|
| तर्जन नहीं आज गूँजा है<br>जड़-जग का गूँजा अभ्यंतर<br>इतने ऊँचे शिल-शिखर पर<br>कबसे मूसलधार झड़ी है<br>सूखे वसन, हिय भीगा है<br>इसकी चिंता हमें पड़ी है !<br>बोल सरोवर इस पावस में,<br>आज तुम्हारा कवि क्या गाए,<br>कह दे श्रृंग सरस रुचि अपनी<br>निर्झर यह क्या तान सुनाए<br>बाँह उठाकर मिलो शाल, ये<br>दूर देश से झोंके आए<br>रही झड़ी की बात कठिन यह<br>कौन हठीली को समझाए !<br>अजब शेख यह बूंदाबांदी<br>पत्तों में घनश्याम बसा है<br>झांके इन बूंदों से तारे,<br>इस रिमझिम में चांद हँसा है!<br>जिय कहता है मचल-मचलकर<br>अपना बेड़ा पार करेंगे<br>हिय कहता है, जागो लोचन<br>पत्थर को भी प्यार करेंगे ॥ |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) | उपरोक्त काव्यांश का वर्ण्य विषय क्या है ?<br>1.प्रकृति<br>2.बादल<br>3.पावस ऋतु<br>4.जनजीवन |
| (ii) | कवि बार-बार किस से प्रश्न कर रहा है ?<br>1.बादल से<br>2.प्रकृति से<br>3.पहाड़ से<br>4.नदी से |
| (iii) | मानव की ध्वनि सुनकर पल में गली-गली में मंडराते हैं-पंक्ति में निहित अलंकार बताइए ।<br>1.उपमा<br>2.उत्प्रेक्षा |



KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 3.मानवीकरण<br>4.अनुप्रास |
| (iv) | सूखे वसन,हिय भीगा है- का अर्थ क्या है?<br>1.पैर भीगे हैं, किंतु हाथ सूखे हैं<br>2.अभ्यंतर हृदय भीग गया है, किंतु कपड़े सूखे हैं<br>3.तन ऊपर से भीग गया है, किंतु मन सूखा है<br>4.मैदान भीग गए हैं, परंतु पहाड़ों पर मूसलाधार वृष्टि हो रही है |
| (v) | केलि बनी खड़ी निशा है- का अर्थ क्या है?<br>1.रजनी उपहास व क्रीड़ा कर रही है<br>2.राका केले के वृक्ष की भांति रास्ता रोके खड़ी है<br>3.रात्रि अपनी छटा के चरम पर पहुंच कर खड़ी है<br>4.विभावरी फूलों के हार की भांति खड़े होकर स्वागत कर रही है |

**अथवा**

पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें-

मैं तो साँसों का पंछी हूं
साथ आयु के चलता
मेरे साथ सभी चलते हैं
बादल भी, तूफान भी
कलियां देखी बहुत, फूल भी,
लतिकाएँ भी, तरु भी,
उपवन भी, वन भी, कानन भी,
घनी घाटियां, मरू भी,
टीले भी, गिरि श्रृंग-तुंग भी
नदियां भी, निर्झर भी,
कल्लोलिनियां,कुल्याएं भी
देखे सरि-सागर भी
इनके भीतर इनकी-ही सी
प्रतिमाएं मुस्कातीं
हर प्रतिमा की धड़कन में
अनगिनत कलाएं गातीं
अनदेखी इन आत्माओं से
परिचय जनम-जनम का
मेरे साथ सभी चलते हैं
जाने भी, अनजान भी
सूर्योदय के भीतर मेरे
मन का सूर्योदय है



KV NER BAREILLY

| |
|---|
| किरणों की लय के भीतर<br>मेरा आश्वस्त हृदय है<br>मैं न सोचता कभी कौन<br>आराध्य, किसे आराधूं<br>किसे छोड़ दूं और किसे<br>अपने जीवन में बाधूं<br>दृग की खिड़की खुली हुई<br>प्रिय मेरा झांकेगा ही<br>मानस-पट तैयार, चित्र<br>अपना वह आंकेगा ही<br>अपनों को मैं देख रहा हूं<br>अपने लघु दर्पण में<br>मेरे साथ सभी चलते हैं<br>प्रतिबिंबन, प्रतिमान भी<br>दूर्वा की छाती पर जितने<br>चरण-चिह्न अंकित हैं<br>उतने ही आंसू मेरे<br>सादर उसको अर्पित हैं<br>जितनी बार गगन को छूते<br>उन्नत शिखर अचल के<br>उतनी बार हृदय मेरा<br>पथ में एकाकीपन मिलता<br>वही गीत है हिय का<br>पथ में सूनापन मिलता है<br>वही पत्र है प्रिय का<br>दोनों को पढ़ता हूं मैं<br>दोनों को हृदय लगाता<br>दोनों का सौरभ-कण लेकर<br>फिर आगे बढ़ जाता<br>मेरा रक्त, त्वचा यह मेरी<br>और अस्थियां बोलें<br>मेरे साथ सभी चलते हैं<br>आदि और अवसान भी ।(केदारनाथ मिश्र 'प्रभात') |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:

| | |
|---|---|
| (i) | सांसों का मुसाफ़िर किसे कहा गया है ?<br>1.कवि |



KV NER BAREILLY

| | | |
|---|---|---|
| | 2.मनुष्य<br>3.प्रकृति<br>4.जीवन | |
| (ii) | देखें सरि-सागर भी- पंक्ति में सरि-सागर का अर्थ क्या है ?<br>1.समस्त सागर<br>2.सरिता-सागर<br>3.नदी-नीर निधि<br>4.सुर-सागर | |
| (iii) | 'मन का सूर्योदय' से आप क्या समझते हैं ?<br>1.खिन्नता<br>2.प्रसन्नता<br>3.आसन्नता<br>4.भिन्नता | |
| (iv) | 'अपनों को देख रहा हूं<br>अपने लघु-दर्पण में-पंक्ति में लघु-दर्पण किसे कहा गया है?<br>1. हृदय<br>2.आँखें<br>3.मस्तिष्क<br>4.जीवन | |
| (v) | जीवन में एकांत को कवि किस रूप में देखता है?<br>1.हृदय का रूप<br>2.आँखों के सपने<br>3.लघुता के रूप में<br>4.महानता के रूप में | |
| | कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन | 5 |
| प्रश्न3. | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए: | 5 X1=5 |

| | |
|---|---|
| (i) | ऑप एड क्या है?<br>1.समाचार-पत्र<br>2.संपादकीय पृष्ठ<br>3.संपादकीय पृष्ठ के अतिरिक्त मुद्रित सामग्री<br>4. संपादकीय |
| (ii) | पत्रकारिता में बीट क्या है?<br>1.रुचि के अनुसार कार्य<br>2.बिना रुचि का कार्य<br>3.1और 2,दोनों विकल्प सही |

KV NER BAREILLY

| | | |
|---|---|---|
| | 4.इनमें से कोई नहीं | |
| (iii) | आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन-सा है ?<br>1.समाचार-पत्र<br>2.रेडियो<br>3.इंटरनेट<br>4.सिनेमा | |
| (iv) | समाचार-लेखन के कितने ककार हैं?<br>1.एक<br>2.छह<br>3.दो<br>4.चार | |
| (v) | छापाखाना के आविष्कारक कौन थे?<br>1.जेम्स वॉट<br>2.जेम्स ऑगस्ट हिकी<br>3.सर गुटेनबर्ग<br>4.जी. मारकोनी | |
| | पाठ्य पुस्तक | (10) |
| प्रश्न4. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए-<br>मुझसे मिलने को कौन विकल?<br>मैं होऊँ किसके हित चंचला?<br>यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विहवलता हैं!<br>दिन जल्दी-जल्दी ढलता है! | 5x1=5 |
| निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए: | | |

| | |
|---|---|
| (i) | प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?<br>1.आत्मपरिचय<br>2.पतंग<br>3.एक गीत<br>4.कविता के बहाने |
| (ii) | प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं ?<br>1.श्री आलोक धन्वा<br>2.श्री कुंवर नारायण<br>3.श्री उमा शंकर जोशी<br>4.श्री हरिवंश राय बच्चन |
| (iii) | प्रस्तुत काव्यांश का भाव क्या है ?<br>1.खिन्नता |


KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 2.प्रसन्नता<br>3.अकेलापन<br>4.भिन्नता |
| (iv) | कवि के पद शिथिल और उर में विह्वलता क्यों है ?<br>1.घर में उसकी प्रतीक्षा करने वाले परिजनों के न होने के कारण<br>2. घर में उसकी प्रतीक्षा करने वाले परिजनों के होने के कारण<br>3.अकेलेपन के अनुभव के कारण<br>4.उपरोक्त सभी |
| (v) | 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' में कौन-सा अलंकार है ?<br>1.रूपक<br>2.उपमा<br>3.मानवीकरण<br>4.पुनरुक्ति प्रकाश |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 5. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए-<br>सेवक-धर्म में हनुमान जी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है-नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्ध भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बँध सकी। वैसे तो जीवन में प्राय: सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है; पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धिसूचक नाम किसी को बताती नहीं। | 5 X1=5 |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए-

| | |
|---|---|
| (i) | प्रस्तुत पाठ की विधा क्या है ?<br>1.संस्मरण<br>2.संस्मरणात्मक रेखाचित्र<br>3.रेखाचित्र<br>4.कहानी |
| (ii) | प्रस्तुत पाठ के रचयिता कौन हैं ?<br>1.श्री जैनेंद्र कुमार<br>2.श्री विष्णु खरे<br>3.श्रीमती महादेवी वर्मा<br>4.श्री धर्मवीर भारती |
| (iii) | भक्तिन की हनुमान जी से स्पर्धा क्यों थी ?<br>1.अंजना की पुत्री होने के कारण<br>2.स्वामीभक्ति के कारण<br>3.श्री राम की भक्ति के कारण |



KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 4.समझदारी के लिए |
| (iv) | भक्तिन अपना समृद्धि-सूचक नाम किसी को नहीं बताती थी । क्यों ?<br>1.उसका उपहास उड़ाएँगे<br>2.किसी को समझ नहीं आएगा<br>3.वह अपनी समृद्धि छुपाना चाहती थी<br>4.वह अपना नाम छुपाना चाहती थी |
| (v) | जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है- में <u>मेरे</u> से क्या अभिप्राय है ?<br>1.भक्तिन<br>2.लछमिन<br>3.लेखिका<br>4.लक्ष्मी |

पूरक पाठ्य पुस्तक (10)

| प्रश्न6. | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए- | 10x1=10 |
|---|---|---|
| (i) | 'सिल्वर वैडिंग' साहित्य की कौन-सी विधा है ?<br>1.संस्मरण<br>2.निबंध<br>3.रेखाचित्र<br>4.कहानी | |
| (ii) | 'सिल्वर वैडिंग' में किशन दा की मृत्यु के संदर्भ में 'जो हुआ होगा' से कहानीकार का क्या तात्पर्य रहा है ?<br>1.दुख का<br>2.अनिर्णय का<br>3.उपेक्षा का<br>4.वह मृत्यु के कारण से अपरिचित था | |
| (iii) | 'सिंधु-सभ्यता साधन-सपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था।'प्रस्तुत पंक्ति से क्या तात्पर्य है ?<br>1.राजा प्रजा की तरह सादगी से रहता था<br>2.आकर्षक साधन<br>3.सारे साधन थे, पर दिखावा नहीं था<br>4.संपन्नता थी, पर दिखावा नहीं था | |
| (iv) | "सिंधु-सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य-बोध हैं जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था।" ऐसा क्यों कहा गया?<br>1.सौंदर्य के प्रति अधिक चेतना के कारण<br>2.राजा से बड़ा लोगों का कार्य माना जाता था<br>3.समाज धर्म से बढ़कर माना जाता था | |



KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 4.समाज में समानता थी |
| (v) | 'टूटे-फूटे खडहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती जिंदगियों के अनछुए समयों का भी दस्तावेज़ होते हैं।"-निम्नलिखित में से किस विकल्प से इस कथन का भाव स्पष्ट होता है ?<br>1.ऐतिहासिक इमारतों में इतिहास के साथ-साथ जीवन के चिह्न महसूस होते हैं<br>2.ऐतिहासिक इमारतों में कला, खान-पान इत्यादि की जीवंतता महसूस होती है<br>3.ऐतिहासिक इमारतों में इतिहास छुपा होता है<br>4.ऐतिहासिक इमारतों से लोगों के बारे में पता चलता है |
| (vi) | कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया??<br>1.अकेलापन डरावना है<br>2. अकेलापन उपयोगी है<br>3. अकेलापन अनावश्यक है<br>4. अकेलापन सामान्य है |
| (vii) | 'प्रकृति-प्रदत्त प्रजनन-शक्ति के उपयोग का अधिकार बच्चे पैदा करें या न करें अथवा कितने बच्चे पैदा करें-इस की स्वतंत्रता स्त्री सी छीनकर हमारी विश्व-व्यवस्था न न सिर्फ स्त्री की व्यक्तित्व-विकास के अनेक अवसरों से वंचित किया है बल्कि जनाधिक्य की समस्या भी पैदा की हैं।'?ऐन ने यह कब लिखा ?<br>1.13 जून, 1944<br>2. 13 जून, 1945<br>3. 14 जून, 1944<br>4. 12 जून, 1944 |
| (viii) | नाज़ी दस्तावेजों के पाँच करोड़ पन्नों में ऐन फ्रैंक का नाम कितनी बार आया है?<br>1.पाँच बार<br>2.सौ बार<br>3.एक बार<br>4.आठ बार |
| (ix) | 'काश, कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गभीरता से समझ पाता। अफसोस, ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला। " ऐन के इस कथन का क्या भाव है?<br>1.वह अकेलेपन से त्रस्त थी<br>2.अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए वह किसी संवेदंशील व्यक्ति की तलाश में थी<br>3.वह तहखाने में कैद थी<br>4.सब उसका उपहास उड़ाते थे |
| (x) | 'पढ़ाई-लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था ।' क्योंकि-<br>1.लेखक खेती-बाड़ी नहीं करना चाहता था<br>2.दत्ता जी राव जानते थे कि खेती-बाड़ी में लाभ नहीं है |

KV NER BAREILLY

| | |
|---|---|
| | 3.लेखक का पढ़-लिख कर सफल होना आवश्यक था<br>4.लेखक का पिता नहीं चाहता था कि वह आगे की पढ़ाई करे |

खंड'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (40)

| | | |
|---|---|---|
| | कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न7. | निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए:<br>1. वसंत ऋतु का आगमन<br>2. करो योग, रहो नीरोग<br>3. पर्यावरण संरक्षण | 5 |
| प्रश्न8. | कोरोनावायरस के मामलों को ध्यान में रखते हुए अपनी कॉलोनी की सुरक्षा के लिए नियमित सैनिटाइज करने की मांग करते हुए अध्यक्ष नगर निगम बरेली को एक पत्र लिखिए ।<br>*अथवा*<br>दैनिक जागरण समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर अपने शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता प्रकट कीजिए \| | 5 |
| प्रश्न9. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कविता में चित्र भाषा की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?<br>*अथवा*<br>कहानी के तत्वों का उल्लेख कीजिए \| | 3 |
| (ii) | नाटक लिखते समय नाटककार को मूलरूप से किन बातों का ध्यान रखना पड़ता है ?<br>*अथवा*<br>रेडियो नाटक से आप क्या समझते हैं ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न10. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- | 5 |
| (i) | विशेष लेखन से आप क्या समझते हैं ?सोदाहरण स्पष्ट कीजिए \|<br>*अथवा*<br>समाचार लेखन की शैली चित्र सहित समझाइए \| | 3 |
| (ii) | संपादकीय लेखन क्या होता है ?<br>*अथवा*<br>उल्टा पिरामिड शैली क्या है? इसका उपयोग कब प्रारंभ हुआ ? | 2 |
| | पाठ्य पुस्तक | 20 |
| प्रश्न11. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- | 2X3=6 |

KVNER BAREILLY

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 'कविता के बहाने' कविता का सार/प्रतिपाद्य पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए । | |
| (ii) | 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता समाज में व्याप्त संवेदनहीनता प्रकट करती है\| स्पष्ट कीजिए \| | |
| (iii) | 'कवितवाली' के आधार पर लिखिए कि तुलसी एक युगद्रष्टा कवि थे ? | |
| प्रश्न12. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- | 2X2=4 |
| (i) | निम्नलिखित का भाव सौंदर्य लिखिए -<br>प्रभु प्रलाप सुनि कान विकल भए बानर निकर\|<br>आइ गयउ हनुमान जिमि करुना मंह बीर रस \|\| | |
| (ii) | निम्नलिखित का शिल्प सौंदर्य लिखिए -<br>आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी ,हाथों पे झुलाती है उसे गोद भरी ।<br>रह -रह के हवा में जो लोका देती है ,गूंज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हंसी॥ | |
| (iii) | निम्नलिखित पंक्तियों की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए -<br>प्रात नभ था<br>बहुत नीला शंख जैसे ,<br>भोर का नभ । | |
| प्रश्न13. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- | 2X3=6 |
| (i) | 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' और 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के आधार पर जातिप्रथा के उन्मूलन का उपाय लोकतांत्रिक मूल्य है। सिद्ध कीजिए । | |
| (ii) | भगत जी और सफ़िया, दोनों मानवता का संदेश देते हैं । कैसे ? | |
| (iii) | 'काले मेघा पानी दे' पाठ में ग्रामीण अंचल की सोच और दृष्टिकोण को दर्शाया गया है । क्या आप उससे सहमत हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । | |
| प्रश्न14. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- | 2X2=4 |
| (i) | भक्तिन अच्छी है ये कहना कठिन है \| लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ? | |
| (ii) | बाज़ार में एक जादू है । स्पष्ट कीजिए । | |
| (iii) | लुट्टन पहलवान की ढोलक की आवाज़ गाँववालों पर क्या प्रभाव डालती थी ? | |

KV NER BAREILLY